मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -02 मुंबई, सोमवार, दिनांक 02 से 08 अक्टूबर 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

## 'वाघ नख' तीन साल के लिए भारत आएगा

### फडणवीस बोले- आदित्य ठाकरे का सवाल बचकाना, जवाब देने लायक नहीं

**महाराष्ट्र :** छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रसिद्ध वाघ नख यानी बाघ के पंजे वाले खंजर को तीन साल के लिए ब्रिटेन के संग्रहालय से महाराष्ट्र वापस लाया जाएगा। रविवार देर रात ब्रिटेन के लिए रवाना होने वाले राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के बाद वाघ नख को जल्द ही महाराष्ट्र वापस लाए जाने की संभावना है। शिवाजी महाराज ने 1659 में बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मारने के लिए वाघ नख का इस्तेमाल किया था। इस बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने छत्रपति शिवाजी महाराज के पंजे के आकार के हथियार 'वाघ नख' की प्रामाणिकता पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के सवालों को



रविवार को 'बचकाना' और 'जवाब नहीं देने लायक' बताया।

फडणवीस ने यह भी कहा कि (अविभाजित) शिवसेना का इस तरह के 'अपमानजनक' सवाल पूछने का इतिहास रहा है और आरोप लगाया कि उसके नेता संजय राउत ने एक बार महान योद्धा राजा की वंशावली पर सवाल उठाया था।

**आदित्य ठाकरे ने पूछा था यह सवाल**

ठाकरे ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूछा था कि ब्रिटेन के संग्रहालय से महाराष्ट्र लाया जा रहा वाघ नख क्या स्थायी रूप से यहां रहेगा या यह कर्ज पर है और क्या यह छत्रपति शिवाजी महाराज का है या उस युग का है।

**फडणवीस बोले- आदित्य ठाकरे का सवाल बचकाना**

फडणवीस ने रविवार को यहां एक स्वच्छता कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना (अविभाजित) का इस तरह के अपमानजनक सवाल उठाने का इतिहास रहा है। (राज्यसभा सांसद) संजय राउत ने भी एक बार छत्रपति शिवाजी महाराज के वंश पर सवाल उठाया था। (आदित्य) ठाकरे का सवाल बचकाना है। मैं इसका जवाब नहीं देना चाहता।

## 'राज ठाकरे सिर्फ पैसे के लिए करते हैं आंदोलन'

### टोल टैक्स बढ़ने पर सपा नेता अबू आजमी ने लगाया आरोप

**महाराष्ट्र :**सपा नेता अबू आजमी ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर टोल के नाम पर आंदोलन करके पैसे सेटलमेंट करने का आरोप लगाया है. दरअसल देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के टोल नाकों पर आज (1 अक्टूबर) से टोल टैक्स के दाम बढ़ जाएंगे, जिसे लेकर विपक्षी पार्टियां सरकार पर भी आरोप लगा रही है. मनसे प्रमुख राज ठाकरे आए दिन मुंबई से जुड़े टोल नाकों पर बढ़ते दामों को लेकर और उन्हें बंद करने के लिए आंदोलन करते रहते हैं.

**सपा नेता ने राज ठाकरे पर लगाया बड़ा आरोप**

समाजवादी पार्टी के नेता अबू



आजमी से जब पूछा गया कि क्या टोल के बढ़े दामों को लेकर राज ठाकरे सामने आएंगे? उन्होंने जवाब दिया, ''राज ठाकरे का टोल को लेकर आंदोलन सिर्फ पैसे के लिए होता है. पैसे का सेटलमेंट होने के बाद उनका आंदोलन बंद हो जाता है.'' अबू आजमी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, ''मोदी सरकार सिर्फ मुंबई को लूट रही है. टोल के दाम बढ़ाने की क्या जरूरत है, टोल के बढ़े दाम टोल माफियाओं से मिलीभगत का नतीजा है.'' महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने मुंबई की सीमाओं पर मौजूद टोल बूथों पर 1 अक्टूबर से टोल टैक्स बढ़ाने का निर्णय लिया है. मुंबई की सीमा पर 5 टोल बूथ आते हैं, जिसमें ऐरोली, वाशी, दहिसर, मुलुंड और और मुलुंड में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर टोल बूथ मौजूद है. महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के मुताबिक मौजूदा तय रेट में 1 अक्टूबर से कारों के लिए 5 रुपये, मिनी बसों के लिए 10 रुपये, ट्रकों और बसों के लिए 20 रुपये टोल टैक्स की बढ़ोतरी होगी।

## जारंगे पाटिल ने सरकार से मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र देने के लिए 5,000 प्रविष्टियों पर विचार करने की मांग की

**मुंबई :** कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल ने शनिवार को सरकार से मराठवाड़ा गांवों में मिली 5,000 प्रविष्टियों के आधार पर राज्य के सभी मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया, जो उन्हें ओबीसी श्रेणी में रखता है। कुनबी ओबीसी श्रेणी में आते हैं, जिसमें राज्य की 400 से अधिक स्थूल और सूक्ष्म जातियां शामिल हैं। 29 अगस्त को जारंगे-पाटिल, जो वर्तमान में राज्य का दौरा कर रहे हैं, ने मराठवाड़ा में सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग के लिए अनिश्चितकालीन उपवास शुरू किया था।

उनकी मांग को स्वीकार करते



हुए, सरकार ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह मराठवाड़ा के उन मराठों को प्रमाणपत्र प्रदान करेगी जिनके पास निजाम-युग के दस्तावेज हैं, जो उन्हें कुनबी के रूप में मान्यता देते हैं। इसके बाद सरकार ने छत्रपति संभाजीनगर से अधिकारियों की एक टीम हैदराबाद भेजी, जहां उन्होंने पुराने रिकॉर्ड की जांच की। हालाँकि, वे खाली हाथ लौट आए। इसके बाद टीम ने मराठवाड़ा के जिला मुख्यालयों में लगभग एक करोड़ अभिलेखों की जांच की और केवल 5,000 प्रविष्टियाँ पाईं जिनमें मराठाओं को कुनबी के रूप में संदर्भित किया गया था। कार्यकर्ता की नवीनतम मांग इसी विकास के आधार पर आई है।

## शिवांश के जन्मदिन की अविस्मरणीय पल





हमारे नाती के पहले जन्मदिन के जश्न तक का सफर यादगार था। जिस क्षण से हमने योजना बनाना शुरू किया, उस दिन से लेकर कार्यक्रम के दिन तक, यह प्यार का परिश्रम था जिसने हमारे दोस्तों और परिवार को एक साथ ला दिया। इस बर्थडे पार्टी आयोजन ने एक बार फिर हमें अपनों के साथ एक गर्मजोशी भरा और अंतरंग माहौल बनाने का मौका मिला।

पार्टी के लिए हमने जो थीम चुनी वह थी ''शिवांश जन्मदिन की पार्टी'' उत्सव का एक मुख्य आकर्षण हमारे द्वारा पेश किया गया विविध मेनू था। हमने स्थानीय विक्रेताओं के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध

**प्रस्तुतिः जेपी शर्मा, अध्यक्ष अभासम**

कराए, जिनमें फिंगर फूड से लेकर स्वादिष्ट डेसर्ट तक शामिल हैं। भोजन न केवल स्वादिष्ट था बल्कि हमारे मेहमानों की आहार संबंधी प्राथमिकताओं और प्रतिबंधों के अनुरूप भी था। अपने युवा मेहमानों के मनोरंजन के लिए, हमने आयु-उपयुक्त खिलौनों और गतिविधियों के साथ एक खेल क्षेत्र स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त, हमारे पास एक प्रतिभाशाली जादूगर और एक गुब्बारा कलाकार था, जिसने कार्यक्रम में एक स्पर्श जोड़ा, जिससे बच्चे प्रसन्न हुए।शायद उस दिन का सबसे हृदयस्पर्शी पहलू समुदाय की भावना थी जिसने हमें घेर लिया। हमारा परिवार और दोस्त तैयारियों में मदद करने के लिए एक साथ आए, जिससे यह कार्यक्रम और भी खास बन गया। अपने बच्चे के चेहरे पर मुस्कान देखकर और अपने प्रियजनों के बीच साझा की गई खुशी को देखकर कड़ी मेहनत सार्थक हो गई।

अंत में, हमारे प्रिय शिवांश की पहली जन्मदिन पार्टी का सफल आयोजन प्रेम, रचनात्मकता और समुदाय की शक्ति का प्रमाण था। यह हंसी, यादगार पलों और स्थायी यादों से भरा दिन था। हमें उम्मीद है कि हमारा वृत्तांत दूसरों को सार्थक उत्सव बनाने के लिए प्रेरित कर सकती है जो लोगों को करीब लाती है।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सुस्त

वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में शेयर बाजार के प्रदर्शन से निवेशक संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इसके लिए उनके पास पर्याप्त कारण भी मौजूद हैं। परंतु, चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सतर्क दृष्टिकोण रखने के भी पर्याप्त कारण हैं। इस वर्ष अप्रैल के बाद से वृहद बाजार सूचकांक 12-13 प्रतिशत तक उछल चुके हैं, किंतु पहली तिमाही में आय वृद्धि दर धीमी अवश्य रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर भी सुस्त रही है जिसका असर निर्यात में कमी के रूप में दिखेगा और सूचना-प्रौद्योगिकी सेवाओं का कारोबार भी ठंडा रहेगा। ईंधन कीमतों में तेजी भी दबाव बढ़ा रही है। कमजोर निर्यात और ऊर्जा के बढ़े दाम से बा' घाटे बढ़ गए हैं। अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व वर्तमान परिस्थितियों के बीच चौकस है और उसने ऐसे संकेत दिए हैं कि वह दीर्घ अवधि तक ब्याज दरें बढ़ाना और मौद्रिक आपूर्ति पर नियंत्रण जारी रख सकता है। चीन का रियल एस्टेट बाजार भी चिंता का कारण है। वहां का रियल एस्टेट क्षेत्र ऋण और नुकसान के बोझ तले कराह रहा है और कभी भी धराशायी हो सकता है। यूक्रेन युद्ध भी थम नहीं रहा है जिससे दुनिया में अनाज की आपूर्ति बाधित रह सकती है।

मगर कमजोर वैश्विक परिदृश्य और चुनावों के कारण राजनीतिक मोर्चे पर अनिश्चितता बनी रहने के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों का दृष्टिकोण सकारात्मक लग रहा है। खुदरा निवेशकों का उत्साह भी कम नहीं है। हालांकि, पिछले दो महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जोखिम लेने से बचते रहे हैं। 1 अप्रैल से 28 सितंबर के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों (म्युचुअल फंडों को छोड़कर) ने शेयरों में 47,500 करोड़ रुपये निवेश किए हैं। अप्रैल-अगस्त के मध्य इक्विटी म्युचुअल फंडों में 46,229 करोड़ रुपये निवेश आए हैं। इनमें 80 प्रतिशत से अधिक रकम खुदरा निवेशकों की तरफ से आई है। खुदरा निवेशकों ने छोटे एवं मझोले शेयरों के खंडों में भी सीधे निवेश किए हैं।

अप्रैल-जुलाई अवधि में 74,750 करोड़ रुपये की खरीदारी करने के बाद एफपीआई ने रुपये में जारी 47,312 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। उनके नजरिये में यह बदलाव फेडरल रिजर्व के कारण आया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीतिगत दरों में पिछले कुछ समय से कोई बदलाव नहीं किए हैं मगर फेडरल रिजर्व के रुख और मुद्रास्फीति दर नियंत्रण से बाहर जाते देख उसके पास दरें अधिक समय तक अपरिवर्तित रखने या मुद्रा आपूर्ति में ढील देने की गुंजाइश नहीं रह गई है।



**स्वच्छता अभियान : महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई की ओर से अणुशक्ति नगर स्थित बाल सुधार गृह में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा मुंबई अध्यक्ष नरेंद्र गावकर के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में ओबीसी मोर्चा मुंबई महासचिव तुकाराम कोली,मनोज जायसवाल,जयंत आचरेकर,संतोष डिके,महेश बारवरकर आदि पदाधिकारी शामिल हुए।**

# अखिल भारतिय हिंन्दू नाई समाज मिर्जापुर हलीया ब्लॉक का चुनाव व गठन संपन्न





**मिर्जापुर,** दिनांक 30-9.2023 अखिल भारतिय हिंन्दू नाई समाज मिर्जापुर हलानीया ब्लॉक का चुनाव व गठन संपन्न हुआ. जिसमे मनोज कुमार शर्मा प्रधान को अध्यक्ष-चुना गया. उपाध्यक्ष फूलचन्द शर्मा, जगत शर्मा, रमेश शर्मा मंत्री, सीताराम शर्मा उपयंत्री, जमुना प्रसाद शर्मा संगठन मंत्री, विजय शर्मा, शिवम शर्मा, सुरेश शर्मा प्रचारमंत्री, रामनरायन शर्मा, उजागीर शर्मा, गणेश शर्मा कोषाध्यक्ष, अमरनाथ शर्मा उप कोषाध्यक्ष, बृजलाल शर्मा आडिटर, श्री शरद शर्मा संरक्षक, श्री बेचूलाल शर्मा जिलाध्यक्ष,-श्री रामआसरे शर्मा उपाध्यक्ष, रामदास शर्मा महामंत्री, हरिशंकर शर्मा वस्तु मंत्री, बलराम शर्मा पूर्वकाक अध्यक्ष, वरमुदीन शर्मा तथा पहल परिवार प्रयागराज रेडीयो उहाघोषक श्री संजय शर्मा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। संचालन श्री अमरनाथ शर्मा ने किया।

# आल इण्डिया महा पद्म नंद कम्युनिटी एजुकेटिड एसो0उ0प्र0 की जनपद मेरठ महिला विंग की एक बैठक का आयोजन

**मेरठ,** दिनांक 24.09.2023 दिन रविवार को मौ० जय भीमनगर मेरठ में श्री अशोक कुमार सैन जी के आवास पर आल इण्डिया महा पद्म नंद कम्युनिटी एजुकेटिड एसो० उ०प्र० की जनपद मेरठ महिला विंग की एक बैठक का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर सर्व प्रथम महिला विंग के पदाधिकारियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुऐ महिला विंग की जिलाध्यक्ष डॉ० शिवानी श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा, कि आज महिलाऐं दुनिया के हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं, घर सम्भालने के साथ-साथ व्यवसाय एवं नौकरी में आगे बढ़ रही हैं।

कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, उनके इस मूलमंत्र को अपनायें इसी में समाज की उन्नति एवं भलाई है। इस अवसर पर सैन राखी सिरोही, रजनी सैन, सुनीता देवी, राजकुमारी, पूजा कुमारी विकास अधिकारी अनुराधा सैन ने अपने विचार रखे, इस अवसर पर रमेश श्रीवास्तव प्रदेश अपर महा सचिव, सोनू कुमार सैन जिलाध्यक्ष मेरठ, चन्द्रपाल सिंह (रि० दरोगा) महानगर अध्यक्ष मेरठ, जगदम्बा प्रसाद जी साहिब सिंह (रि० दरोगा जी), दिनेश कुमार सैन, डॉ० राजेश कुमार सैन, अशोक कुमार जी, रामसिंह सैन जी, संजय कुमार सैन, किरन पाल सैन, मदन सैन मास्टर जी, सैन प्रवीन सिरोही, राजेन्द्र कुमार सैन, शकुन्तला देवी, मगन देवी, कमलेश देवी, राजकुमारी सैन, कु० शिखा, रेनु देवी, लता श्रीवास्तव (रामपुर) मति देवी, कु० यशी, कु० निशा, कु० नेहा, कुनाल ठाकुर कार्तिक ठाकुर, विकास ठाकुर, अभिनव ठाकुर, शिवांश ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे, संचालन पूजा कुमारी (विकास अधिकारी) एवं अध्यक्षता वयोवृद्ध समाज सेवी शकुन्तला देवी ने की।

## मैं नारी हूं

****


सृष्टि की सुन्दर क्यारी हूं
थोड़ी नाजुक हूं और
थोड़ी भावुक हूं मैं लेकिन
घर की फुलवारी हूं मैं
******
मत समझो कमजोर मुझे
हर रिश्तों को निभाती हूं
समर्पित हूं परिवार पर एक
हौसले से भरी मै हूं
*******
उड़ान, हूं मैं विश्वाश की
ना किसी से शिकायत
ना कोई थकान जीवन में
रूकती नहीं थकतीं नहीं मैं
*******
हर जिम्मेदारी निभाती
कोमल हदय से दिल जीतती
हर रिश्ते को निभाती
प्यार की मजबूत डोर हूं मैं
********मातृत्व रूप में
ईश्वर स्वरूप
परिवार का आधार है नारी
संबंधो की एक डोर में
बांधती
आसमान में उड़ती हूं मैं
******
पर्वतों पर चढ़ती हूं
चांद पर भी कदम रखने
नए नए इतिहास मैं रचती
परिवार की संरक्षक हूं मैं
******
परंपराओ की वाहक हूं मैं
पूजा पाठ कर के और के
संस्कारों को भी निभाती
रुकती नहीं ,थकती नही
*******
कोमल हृदय से दिल जीतती
निस्वार्थ जिम्मेदारीयो के
प्रति समर्पित नारी हूं
अबला नहीं पुकारो मुझे
*******
मैं अबला नही, मैं सबला हूं
मेरा भी अस्तित्व हैं
मुझको मत समझो कमजोर
मुझपर मत दिखाओ
अधिकार



**सविता मोदी (पत्रकार)**
**मंडला मप्र**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

**चार कदम वेलफेयर शिक्षा फाउंडेशन**





9313841944

## जन्मदिन पर

**हार्दिक बधाई शुभकामनाए**

**अभिनंदन।।**



खंडाला वैजापूर महाराष्ट्र निवासी,
आदर्श, संस्कारी परिवार जैन परिवार के, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक स्नेही श्री रवीन्द्र जयचन्द जी कासलीवाल जैन
इन्हें जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई शुभकामनाए
अभिनंदन।।



अशोक लालचंद जी पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन

लोग कसूरवार उसी को ठहराते हैं जो उनकी हां में हां नहीं मिलाते हैं वक्त एक ऐसी गाड़ी है, जिसमें न ब्रेक है और न ही रिवर्स गियर है, वक्त सबको मिलता है, जिन्दगी बदलने के लिए लेकिन जिन्दगी दोबारा नहीं मिलती, वक़्त बदलने के लिए...!!

जो व्यक्ति स्पष्ट ,साफ ,सीधी बात करता है उसकी वाणी कठोर जरूर होती है ,लेकिन ऐसा व्यक्ति किसी को धोखा नहीं देता।

**भानुप्रताप सिंह नंदवंशी**
**लखनऊ**



# चुनार में रामलीला की तैयारी जोरो पर, छह अक्टूबर से शुरू होगा रामलीला का मंचन

## धनुष यज्ञ लीला का प्रख्यात कथा वाचक मोरारी बापू ने विदेश में किया था बखान

**शिवा शर्मा**

**चुनार।** श्री राघवेन्द्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में गोला साहब राम स्थित प्राचीन रामलीला मंच पर छह अक्टूबर से शुरू होने वाले इक्कीस दिवसीय रामलीला की तैयारी इन दिन जोरों पर चल रही है। रामलीला भवन की रंगाई पुताई के साथ ही वस्त्र, शस्त्र आभूषण आदि की साफ सफाई और नये मुकुट आदि को तैयार किया जा रहा है।नगर की 186 वर्ष पुरानी रामलीला को देखने स्थानीय लोगों सहित दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लीला प्रेमी आते हैं। बताते चलें कि वर्ष 2004 में चुनार प्रख्यात श्रीराम कथा वाचक संत मोरारी बापू के कथा के दौरान रामलीला कमेटी द्वारा उनके कथा मंच पर प्रसिद्ध धनुष यज्ञ लीला के मंचन की प्रस्तुति किया गया था जो उन्हें काफी पंसद आया और उन्होंने चुनार की रामलीला के धनुष यज्ञ लीला के मंचन का बखान मॉरिसस में अपने रामकथा के दौरान किया था। रामलीला का शुभारंभ मुकुट पूजन से शुरू होकर सनक सनंदन की लीला के साथ समाप्त होता है। इक्कीस दिनों तक चलने वाले रामलीला में दो लीला रावण वध (विजयादशमी) उसमानपुर में व राम, लक्ष्मण, भरत



व शत्रुध्न चारों भाईयों का मिलन (भरत मिलाप) टेकौर स्थित भरत मिलाप मंच पर होता है। शेष उन्नीस दिन की रामलीला मंच पर ही होता है।रामलीला मंचन के दौरान नगर पूरी तरह से राममय हो जाता है।इक्कीस दिनों तक नगर के मुख्य मार्ग पर देर रात तक चहल पहल के साथ ही मेले जैसा माहौल दिखाई देता है।

**लीला प्रेमियों से अपील**

**चुनार।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 186 वर्षों से निरंतर निर्बाध रूप से रामलीला का मंचन लीला प्रेमियों के सहयोग से होता चला आ रहा है। इस वर्ष प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन पहले से भी भव्य रूप से किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष ने लीला प्रेमियों से अपील किया कि वह तन मन धन से सहयोग कर रामलीला को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी बने।

**रामलीला के पात्रों की विशेषता**

**चुनार।** रामलीला कमेटी के डायरेक्टर अविनाश अग्रवाल ने बताया कि पिता के जमाने से ही रामलीला से जुड़कर प्रभु श्रीराम के लीला मंचन में पात्रों के अभिनय पाठ को पूर्ण कराने का दायित्व निभा रहा हूँ। उन्होंने बताया कि पात्रों ने पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया है। लीला के सभी पात्र स्थानीय होने के साथ ही सरकारी सेवा व व्यापार से जुड़े हुए हैं दिन भर अपने व्यवसाय में व्यस्त रहते हैं इसके बाद भी वह अर्धरात्रि रात्रि तक 21 दिनों तक चलने वाले लीला मंचन में नियमित निःस्वार्थ भाव से अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

## मुलुंड कांग्रेस द्वारा गणपति विसर्जन के दौरान पुष्प वृष्टि कार्यक्रम संपन्न



**मुंबई-** मुलुंड कांग्रेस एवम मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गणपति विसर्जन के दौरान मुलुंड चेकनाका पर पुष्प वृष्टि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह, बी.के.तिवारी, डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.आर.आर.सिंह, दयाशंकर सिंह एवम संतोष सोनावणे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता उत्तम गीते,डॉ.सचिन सिंह ,राजेश इंगले, मोहनलाल राज, डॉ.आर. एम.पाल, रईस खान, रराजन उटवाल, उमेश वाणी, सुदाम दरेकर, नीता जोशी, त्रिवेणी गोस्वामी, भगवान किशोर तिवारी, मनीष ठक्कर, विपुल गोगरी, किर्ती शाह, बाबु चावडा, बाबु बारोट, राजकुमार गुप्ता, मनोज सिंह, राजु कदम, बिपीन जोशी, हर्ष जोशी ने गणेश प्रतिमाओं पर पुष्प वृष्टि कर विदाई दी। यह आयोजन पुर्व महापौर स्व.आर.आर.सिंह द्वारा 40 वर्ष पुर्व शुरू किया गया था और अनवरत चल रहा है।



**2 अक्टूबर, स्वच्छता सेवा अभियान कार्यक्रम,**
वैजापुर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी को अभिवादन करते हुए शिक्षक संगठन के पदाधिकारी की समवेत महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष **अशोक पवार** khandalakar.

## भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.



### मनोनयन

प्रिय स्नेही स्वजन

बड़े हर्ष के साथ आपको अवगत कराया जाता है कि नंद, नाई, सैन, सविता समाज के प्रति समर्पण, कर्मनिष्ठा और जागरूकता को देखते हुए श्री राहुल शर्मा पुत्र श्री राजेश प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम .चौखंडी.पोस्ट .हाथी बाजार थाना जांशा..जिला वाराणसी पिनकोड 221405 संपर्क 9696075506 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था का .तहसील अध्यक्ष.(पद).वाराणसी मनोनीत किया जाता है।

नाई समाज को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने पद का दायित्व पूरी निष्ठा एवम्‌ईमानदारी के साथ निभाने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

ससम्मान धन्यवाद

नंदवंशी अजय शर्मा
मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता

प्रतिलिपि :-
1)दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष
2)नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/संस्था मुख्य सचिव
3)मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव
4)मुन्ना लाल शर्मा संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष
5)अशोक कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष
6)विनोद कुमार शर्मा सैलून संघ रजि.

~~~~~~~~~~

**अवलोकनार्थ**

**(मनोनयनकर्ता का नाम)**

Adv आशीष कुमार शर्मा (जिलाध्यक्ष वाराणसी )
भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.

~~~~~~~~~~

जय नंद जय नाई समाज जय सविधान

## अभिनेता/सांसद रवि किशन ने कपिल गीत कुशीनगर चैनल को शुभकामनाएं दी



**गोरखपुरः-**अभिनेता/सांसद रवि किशन ने गोरखपुर अपने बंगले पर कपिल गीत कुशीनगर यू-ट्यूब भक्ति गीत चैनल पर प्रसारित होने वाला संत कबीर दास जी का सबदःजगत चला जाय यहाँ कोई ना रहइया का वीडियो का लोकार्पण मोबाईल फोन पर किया। जिसको सद्गुरु कबीर दास जी का चरण पादुका मठ घासी कटरा गोरखपुर के महंत रामप्रसाद दास ने चंग पर अपनी मधुर आवाज में गाया है।

उन्होनें मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार कपिलदेव खरवार से बातचीत करते हुए कहा कि आजकल के गीत खासकर भोजपुरी में अश्लीलता परोसा जा रहा है।इससे भोजपुरी की संस्कृति का विनाश हो रहा है।इस मौके पर आपके भक्ति गीत चैनल को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।अपने धर्मेन्द्र का गाया भक्ति गीत,गणपति बाप्पा लवकर आओ टी-सीरीज भक्ति चैनल पर प्रसारित हो रहा है।अब तो वह अच्छा गाने भी लगा है।उपर वाले ने चाहा तो वह जल्दी ही हीरो के रूप लोगों के सामने आयेगा।

**प्रस्तुतिः-कपिलदेव खरवार**

## सीआरपीएफ के डीआईजी बने चोलापुर के सुभाष चंद्र

**वाराणसी,** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अमेठी में तैनात सुभाष चंद्र शर्मा को कमांडेंट से डीआईजी बनाया गया है. सुभाष चंद्र शर्मा मूल रूप से चोलापुर वाराणसी के रहने वाले है.



वर्ष 1994 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में, सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी के पद पर चयनित किये गये. अपने सेवाकाल के दौरान इन्होंने असम, त्रिपुरा, गढ़चिरौली, अनन्तनाग आदि जैसे देश के अत्यंत संवेदनशील एवं उग्रवादग्रस्त क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी. इसके अलावा इन्होंने समाजिक कार्यों में सदैव बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया.



Sudhir B. Thakur
+91 8286380666
+91 9920229111
+91 8108557766
Tel.: 022 - 42290044



ISO 9001:2015
## Sagarsai Protection Force LLP

●All Types Security ●Communication System ●Man power ● Walkie Talkie ● Public Control Security System ● Film Shooting Bouncer ● EPO ● NSG Commando ● Bouncer Bodyguard ●House Keeping Service ●Communication System ●All Types Event Security

C316 Nepchun mall LBS Road Bhandup west Mumbai 400078
Email : saagarprotection@yahoo.in / sthakur@sagarprotection.com
sagarsaiprotection@gmail.com www.sagarprotection.in



‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



शिवप्रसाद शर्मा
समाज सेवी, मुंबई

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



एड. सौरभ शर्मा
अधिवक्ता - उच्च न्यायालय, प्रयागराज

---



दिलीप पवार व पवार परिवार
रोहा,रायगड की ओर से...

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर





हार्दिक शुभेच्छा!

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



हरि शंकर शर्मा
जिला महामन्त्री नई समाज मिर्जापुर

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



जनार्दन प्रसाद शर्मा
समाज सेवी मुंबई

---


‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



श्री सभाजीत शर्मा
मुंबई जिला महा सचिव कांग्रेस कमिटी(I)

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



सुनील यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष - युवा शक्ति संघ

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



रूपेश चौधरी
राष्ट्रीय सचिव - युवा शक्ति संघ, जौनपुर, उ.प्र.

---

‘कदम कदम पर’ समाचार पत्र की 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभेच्छा!



श्रीराम शर्मा
संस्थापक अध्यक्ष-प्रेमांजलि साहित्य संस्थान, मुंबई

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com